हिन्दी प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी चंडीगढ़

(तिथि 17 फ़रवरी 2026, समय 1305 (5 मिनट)

केंद्रीय गृह और सहकारिता मंत्री अमित शाह आज गुजरात में राज्यों तथा केंद्र शासित प्रदेशों के सहकारिता मंत्रियों के उच्च स्तरीय राष्ट्रीय सम्मेलन की अध्यक्षता कर रहे हैं।

'मंथन' नाम का यह सम्मेलन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 'सहकार से समृद्धि' के विज़न को साकार करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इसका उद्देश्य सहकारिता क्षेत्र को अधिक पारदर्शी, आधुनिक और सदस्य-केंद्रित बनाने के लिए संरचनात्मक सुधारों पर विचार करना है।

केंद्रीय सहकारिता मंत्री दो लाख नए बहु उद्देश्य समितियों की स्थापना और दुनिया की सबसे बड़ी अनाज भंडारण योजना के तहत आधुनिक गोदामों के देश व्यापी विस्तार की प्रगति की समीक्षा करेंगे। इसके साथ ही राज्यों को निर्यात और बीज के लिए नवगठित राष्ट्रीय निकायों के साथ जोड़ना और पैक्स के समयबद्ध कंप्यूटरीकारण करने पर भी चर्चा होगी।

****

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड-सीबीएसई ने इस वर्ष से लागू दसवीं की नई बोर्ड परीक्षा योजना के तहत पात्रता नियमों पर आधिकारिक स्पष्टीकरण जारी किया है।

बोर्ड ने कहा है कि केवल वे छात्र जो पहली परीक्षा में कम से कम तीन विषयों में शामिल होंगे उन्हें ही दूसरी परीक्षा देने की अनुमति दी जाएगी। बोर्ड ने यह भी बताया कि दूसरी परीक्षा केवल कुछ विशेष श्रेणियां के विद्यार्थियों के लिए है जो छात्र पहली परीक्षा उत्तीर्ण कर चुके हैं और अपने अंक सुधारना चाहते हैं वह अंक सुधार वर्ग के तहत पुनः परीक्षा दे सकते हैं। उन्हें विज्ञान, गणित, सामाजिक विज्ञान और आशाओं सहित तीन मुख्य विषयों में सुधार का अवसर मिलेगा। जिन विद्यार्थियों को पहली परीक्षा में किसी विषय में कंपार्टमेंट मिला है वह कंपार्टमेंट श्रेणी के अंतर्गत दूसरी परीक्षा देकर उस परीक्षा को उत्तीर्ण कर सकते हैं, इसके अतिरिक्त जो छात्र परीक्षा पास कर चुके हैं लेकिन अपना समग्र परिणाम बेहतर करने के लिए किसी विषय को बदलना चाहते हैं उन्हें भी दूसरी परीक्षा में बैठने की अनुमति दी जाएगी।

****

हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड भिवानी द्वारा सैकेण्डरी व सीनियर सैकेण्डरी की शैक्षिक एवं मुक्त विद्यालय वार्षिक परीक्षा के लिए प्रवेश-पत्र आज बोर्ड वेबसाइट पर जारी हो जाएंगे। बोर्ड के प्रवक्ता ने बताया कि विद्यालय मुखिया को बोर्ड वेबसाइट पर अपनी यूज़र आई.डी. व पासवर्ड से लॉगिन करके विद्यालय में अध्ययनरत परीक्षार्थियों के प्रवेश-पत्र का रंगीन प्रिंट आऊट ए-4 साईज पेपर पर डाउनलोड करना होगा। कम्पार्टमेंट, अतिरिक्त विषय एवं पूर्ण विषय अंक सुधार या आंशिक अंक सुधार की परीक्षा देने वाले स्वयंपाठी परीक्षार्थी और मुक्त विद्यालय परीक्षा के विभिन्न श्रेणियों के परीक्षार्थी अपना प्रवेश-पत्र बोर्ड वेबसाइट पर दिये गये लिंक से पिछला अनुक्रमांक, नाम, पिता का नाम, माता का नाम भर कर डाउनलोड कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि यदि परीक्षार्थी के विवरणों में कोई त्रुटि है तो 20 फरवरी तक तुरंत शुद्धि से सम्बंधित मूल दस्तावेज एवं वांछित शुद्धि शुल्क सहित बोर्ड कार्यालय में उपस्थित होकर शुद्धि करवाई जा सकती है। परीक्षा समाप्ति उपरांत फोटो व हस्ताक्षर में परिवर्तन की अनुमति किसी भी परीक्षार्थी को नहीं होगी। प्रवक्ता ने बताया कि सैकेण्डरी की वार्षिक परीक्षाएं 26 फरवरी से 20 मार्च, 2026 तक तथा सीनियर सैकेण्डरी की परीक्षाएं 25 फरवरी से पहली अप्रैल तक ली जाएंगी। प्रदेशभर में 1 हजार बार 421 परीक्षा केन्द्रों पर करीब 5

लाख 66 हजार 400 परीक्षार्थी यह परीक्षाएं देंगे। परीक्षाओं का समय दोपहर 12:30 बजे से 3:30 बजे तक रहेगा।

उन्होंने बताया कि यदि किसी दिव्यांग परीक्षार्थी को लेखक की सुविधा लेनी है तो परीक्षा केन्द्र के मुख्य केन्द्र अधीक्षक या केन्द्र अधीक्षक द्वारा मुख्य चिकित्सा अधिकारी से प्रामाणिक दिव्यांग प्रमाण पत्र की जांच करने के उपरान्त दिव्यांग परीक्षार्थी को परीक्षा आरंभ होने से एक घण्टा पूर्व लेखक उपलब्ध करवाया जाएगा, इसके अतिरिक्त बोर्ड कार्यालय में सहायक सचिव द्वारा मुख्य चिकित्सा अधिकारी से प्रामाणिक दिव्यांग प्रमाण पत्र की जांच करने उपरान्त दिव्यांग परीक्षार्थी को परीक्षा आरंभ होने से एक दिन पूर्व लेखक उपलब्ध करवाया जा सकता है।

****

हरियाणा सरकार, मॉडल ऑनलाइन स्थानांतरण नीति -2025 के तहत ऑनलाइन तबादला अभियान के दूसरे चरण की शुरुआत करने जा रही है। इस चरण में 29 विभागों एवं बोर्डों के 271 कैडरों को शामिल किया जाएगा।

सरकारी प्रवक्ता ने बताया कि प्रक्रिया को सुचारु रूप से लागू करने के लिए संबंधित विभागों ने इंट्रा हरियाणा पोर्टल पर कार्यरत नियमित कर्मचारियों के डाटा का प्रारंभिक अपडेट शुरू कर दिया है। सभी कर्मचारियों को निर्देश दिए गए हैं कि वे अपनी यूजर आईडी से लॉग-इन कर अपनी प्रोफाइल में दर्ज विवरण को जांच लें। यदि किसी कर्मचारी के विवरण में कोई कमी या त्रुटि पाई जाती है, तो उसे तुरंत पोर्टल पर दर्शाए गए संबंधित प्राधिकारी से संपर्क कर आवश्यक दस्तावेज जमा कराने होंगे, ताकि सही विवरण दर्ज किया जा सके। अपडेट किए गए डाटा के आधार पर सेवा अवधि, मेरिट अंक और पात्रता निर्धारित की जाएंगी। कर्मचारी इंट्रा हरियाणा पोर्टल पर Employee Login के बाद “Preliminary Updation of Data” विकल्प के माध्यम से 20 फरवरी तक अपनी जानकारी अपडेट कर सकते हैं।

****